हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, गुरुवार 1 फरवरी 2024

11 जिले में 88 अमृत सरोवरों का निर्माण व पुनरुद्धार



12 नप से पेट्रोल पंप लगाने के लिए 99 साल के पट्टे पर ली जमीन पर बना दी दुकानें



VIS
यतो धर्मस्ततो जयः

# VIJAY INTERNATIONAL SCHOOL

SH-24, SATNALI ROAD, BALANA, MAHENDERGARH (HR)

अब कोटा व सीकर जाने की जरूरत नहीं
आपके महेन्द्रगढ़ में सभी सुविधाओं के साथ...

ADMISSION OPEN 2024-25
PLAYGROUP - CLASS 10+2
SCIENCE | COMMERCE | HUMANITIES




Announces
## SCHOLARSHIP CUM ADMISSION TEST
4th February 2024 (SUNDAY)
Time : 10:00 am to 12:30 pm

- Fully Digital Campus
- Fully AC Hostel for Boys & Girls
- Special Coaches for all Games

For Registration
SCAN

Residential School & VIS Classes

IIT-JEE & NEET (PRE FOUNDATION, FOUNDATION & TARGET) NDA, CLAT, CS, CUET, MNS, SSC, ICMAI & CA (FOUNDATION)

Kota & Sikar Based Facilities and Faculty



9053008081, 9053008082
vijayinternationalschools@gmail.com
vijayinternationalschool.com

CHAIRMAN
VIJAY YADAV (TUMNA)
9053008080

## खबर संक्षेप

### हादसे में घायल की पीजीआई में मौत

**रेवाड़ी।** गत 28 जनवरी को गढ़ी मोड़ के पास कार की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हुए व्यक्ति की रोहतक पीजीआई में मौत हो गई। सड़क किनारे खड़े भैरामपुर भड़ंगी निवासी राजेश को कार ने टक्कर मार दी थी। ट्रॉमा सेंटर में प्राथमिक उपचार के बाद उसे रोहतक पीजीआई रेफर किया गया था। वहां उपचार के दौरान राजेश ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

### ताला तोड़कर नकदी व सामान चोरी

**धारूहेड़ा।** दयाराम नगर के पास चोर एक ऑफिस का ताला तोड़कर नकदी व सामान चोरी कर ले गए। रणजीत ने बताया कि वह शाम के समय ऑफिस बंद करने के बाद घर आ गया था। सुबह ऑफिस पहुंचने पर शटर के दोनों ताले टूटे हुए मिले। चोर दो बैट्री, एक इन्वर्टर, गैस सिलेंडर व 10 हजार रुपये चोरी कर ले गए। पुलिस ने चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### रामजस नगर से टैंपो ले गए चोर

**धारूहेड़ा।** रामजस नगर में चोर एक दुकान के बाहर खड़ा टैंपो चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में तावडू के पढ़ेनी निवासी जयसिंह ने बताया कि वह धीरज इंटरप्राइजेज पर कारपेंटर का कार्य करता है। वह लोडिंग टैंपो भी चलाता है। उसका टैंपो रात को दुकान के बाहर खड़ा हुआ था। सुबह दुकान पर पहुंचने पर टैंपो गायब मिला। काफी तलाश करने के बाद भी टैंपो का कोई पता नहीं चला।

### साइबर ठगों ने लगाया हजारों का चूना

**रेवाड़ी।** इंस्टाग्राम पर विज्ञापन देखने के बाद एक सूट ऑर्डर करने वाली युवती को साइबर ठगों ने 99 हजार रुपये से अधिक का चूना लगा दिया। जाटूसाना थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में प्रियंका ने बताया कि उसने सोशल मीडिया पर एड देखकर एक सूट ऑर्डर किया था। बाद में उसके खाते से 99826 रुपये उड़ा दिए गए।

### ई-रिक्शा चालक से मारपीट का केस दर्ज

**रेवाड़ी।** भीम बस्ती में एक ई-रिक्शा चालक के साथ मारपीट के आरोप में सिटी पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस बयान में दीपक ने बताया कि शराब के नशे में उसका निंदर के साथ झगड़ा हो गया था। बाद में दोनों के बीच सुलह हो गई थी। कॉलोनी के ही गजराज व हरीश ने बाद में उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। उसके परिजनों ने उसे छुड़वाकर अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### प्रोडक्शन वारंट पर लिया हत्या का आरोपी

**रेवाड़ी।** थाना कसोला पुलिस ने साढ़े तीन साल पहले हुई हत्या के एक आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। पुलिस ने 6 जून 2020 को दर्ज हत्या व आर्म्स एक्ट के मामले में राजस्थान के बड़बड़ बुहाना निवासी अजीत को प्रोडक्शन वारंट पर लिया था। वह बीकानेर जेल में एक अन्य मामले में बंद था। आरोपी को पूछताछ के बाद फिर से जेल भेज दिया गया।

### माल बरामद करने के बाद जेल भेजा आरोपी

**रेवाड़ी।** थाना रामपुरा पुलिस ने एक मकान से जेवरात चोरी करने के आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। पुलिस ने मकान के ताले तोड़कर चोरी करने के आरोप में कठली खैरथल निवासी मोहन को गिरफ्तार किया था। रिमांड के दौरान उससे चोरी किए गए जेवरात बरामद किए गए हैं। इसके बाद आरोपी को कोर्ट ने जेल भेजने के आदेश दिए, जिसके बाद उसे जेल भेज दिया गया।

### मारपीट व धमकी देने के दो आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** डूंगरवास में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर 28 जनवरी को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। मामले की जांच करते हुए पुलिस ने विकास व देवेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। बाद में दोनों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

## श्रीकृष्ण स्कूल में इंटर हाउस क्विज स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल


नारनौल। क्विज प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

श्रीकृष्ण सीनियर सेकेंडरी स्कूल भुंगारका में कक्षा तीसरी से पांचवीं तक इंटर हाउस एसएस व जीके क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य वेदपाल यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। स्कूल के स्टॉफ सदस्यों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में मर्करी, मार्श, विनस व जुपिटर हाउसों ने एक टीम के रूप में भाग लिया। प्राचार्य वेदपाल यादव ने बताया कि इस प्रतियोगिता के आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों को उनके जीवन में आने वाली प्रतियोगिताओं के लिए कौशल व वैज्ञानिक दृष्टिकोण उत्पन्न करना है। जिससे बच्चों में ऐसी आत्मविश्वास की भावना पैदा होती है कि वह भी ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी विजय पताका फहरा सकते हैं। अध्यापक मोहित यादव व विजय कुमार ने किया। स्कोरर की भूमिका अध्यापक आशा वर्मा ने निभाई। प्रतियोगिता में 100 प्वाइंट लेकर मर्करी हाउस ने विजय प्राप्त की। प्रतियोगिता में सुषमा लंबोरा, सुमन यादव, आशु यादव व शारदा जांगिड़ अपने-अपने हाउस के संयोजक के रूप में उपस्थित रहे।

## लीगल लिटरेसी कार्यक्रम में छाए आरपीएस के छात्र

- बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ कानूनी पहलुओं की जानकारी भी आवश्यक: डॉ. पवित्रा राव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़


महेंद्रगढ़। विजेता बच्चे खुशी जाहिर करते हुए। फोटो: हरिभूमि

राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में आयोजित लीगल लिटरेसी प्रोग्राम में आरपीएस स्कूल के विद्यार्थियों का सराहनीय प्रदर्शन रहा। इस कार्यक्रम में आयोजित डिक्लेमेशन पीपीटी, डॉक्युमेंट्री तथा क्विज में प्रथम इसके अलावा डिबेट, कविता पाठ, एट दा स्पॉट पेंटिंग में द्वितीय तथा निबंध राइटिंग में तीसरा स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया हैं। विजेता विद्यार्थियों को चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजी. मनीष राव, प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी व चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ कानूनी पहलुओं की जानकारी भी होनी चाहिए। शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित लिटरेसी कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को कानूनी पहलुओं की विभिन्न जानकारियां देकर उन्हें जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि आरपीएस विद्यालय अपने बच्चों के सर्वांगीण विकास को लेकर कृत संकल्पित है। यही कारण है कि आज विद्यालय के बच्चे हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। सीईओ इंजी. मनीष राव ने कहा कि आज के बच्चे ही कम देश का भविष्य होंगे। उन्होंने सभी बच्चों को समय-समय पर आयोजित होने वाली इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा को ओर निखारने की प्रेरणा दी। प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने बताया कि शिक्षा विभाग की ओर से राजकीय मॉडल स्कूल में खंड स्तरीय लीगल लिटरेसी प्रोगाम का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न 10 प्रतियोगिताएं निबंध लेखन, स्लोगन लेखन, कविता, भाषण, क्विज कॉम्पीटीशन, डिबेट, स्किट, ऑन द स्पॉट पेंटिंग, पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशंस, प्रिपरेशन ऑफ डॉक्यूमेंट्री फिल्म प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

### हरिभूमि खबर का असर : खाली कुर्सी को मिला वारिस

# निजामपुर सब डिविजन में एसडीओ नियुक्त, 44 गांवों को मिलेगा लाभ

- बिजली निगम के एमडी को डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने दिए थे आदेश, अब डीएचबीवीएन हिसार ने निजामपुर सब डिविजन पर एसडीओ को किया नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

बिजली निगम ने निजामपुर सब डिविजन की मंजूरी अप्रैल-2021 में दी थी। इस बात को 30 माह का समय बीत चुका था। यहां अभी तक एसडीओ की कुर्सी नहीं रखी गई थी। इसी वजह से नलवाटी व गुजरवाटी के लोगों को मजबूरन नारनौल या नांगल चौधरी जाना पड़ रहा था। जब यह मुद्दा प्रदेश के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के समक्ष जजपा कार्यकर्ताओं सहित ग्रामीणों ने रखा तो उस पर संज्ञान लिया गया।

उप मुख्यमंत्री ने बिजली निगम के मैनेजिंग डायरेक्टर को आदेश दिए कि निजामपुर सब डिविजन पर तुरंत एसडीओ की नियुक्ति की जाए। इस आदेश के बाद एमडी के आदेशों का हवाला देते हुए दक्षिणी हरियाणा विद्युत निगम हिसार के एससी एडमिशन ने बुधवार ही पत्र जारी कर निजामपुर सब डिविजन पर एसडीओ की नियुक्ति करने का पत्र जारी किया है। आपको बताते चले कि इस मुद्दे को हरिभूमि ने 26 दिसंबर 2023 को प्रमुखता से उठाया था। जानकारी के मुताबिक भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार ने जिला महेंद्रगढ़ में अप्रैल-2021 में नए चार सब डिविजन बनाने की घोषणा की थी। इसमें सिहमा, बुचावास, सतनाली, आकोदा व निजामपुर को शामिल किया गया। बिजली निगम ने सिहमा, बुचावास व सतनाली में नया सब डिविजन बना दिया। अभी तक निजामपुर व आकोदा को सब डिविजन अभी तक नहीं बना।

इस नलवाटी व गुजरवाटी क्षेत्र के लोगों की मांग थी कि जब सरकार ने मंजूरी दे दी फिर भी निजामपुर के हक को दरकिनार किया जा रहा है। मंजूरी के 30 माह बीत जाने के बाद भी नलवाटी क्षेत्र के लोग सब डिविजन को तरस रहे है। नलवाटी क्षेत्र से जुड़े लोगों ने इस मुद्दे को जजपा जिला प्रवक्ता सिकंदर गहली के साथ मिलकर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के समक्ष रखा और उन्हें हरिभूमि में प्रकाशित खबर भी दिखाई गई। लोगों की इस जायज मांग पर डिप्टी सीएम ने बिजली निगम के एमडी को इस बारे में आदेश दिए। अब बुधवार को इस मामले में पत्र जारी कर नांगल चौधरी सब डिविजन के एसडीओ हितेश को ही निजामपुर सब डिविजन का अतिरिक्त एसडीओ का चार्ज दिया है। ऐसे में अब निजामपुर में भी एसडीओ की कुर्सी होगी और ग्रामीणों को बिजली संबंधित कार्यों के लिए नारनौल या नांगल चौधरी नहीं जाना पड़ेगा।


निजामपुर सब-डिविजन का 30 माह बाद भी इंतजार खत्म नहीं

नारनौल। 26 दिसंबर 2023 को हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

### इन गांवों को होगा फायदा

निजामपुर सब डिविजन के तहत कारोली, तलोट, धनौंता, दनचौली, छिलरो, निजामपुर सिटी, निजामपुर, बामणवास व मौखूता गांव है, यह नौ गांव फिलहाल नारनौल सब डिविजन से जुड़े है। वहीं गांव घाटासेर, नापला, पवेरा, सरेली, गांवड़ी जाट, झगडेत की ढाणी, बेरूंडला, ख्वाजपुर, नांगल शालू, कारोता, दौंगली, नारहेड़ी, ढाणी ठाकरान, मोकन वाली ढाणी, ईसलामपुर, बिगोपुर, धौलेड़ा, नियाजअलीपुर, मेघोत बिन्जा, लाडावा की ढाणी, बखरीजा, मेघोत हाला, भोजावास की ढाणी, पांचनौता, मूसनौता, नांगल दर्गू, झूडवाल की ढाणी, बायल, ढाणी साढा की, पंचा की ढाणी, दीयावाला की ढाणी, रावता की ढाणी, गंगुताना, गोलवा व ढाणी हून है। यह 35 गांव/ढाणी है जो नांगल चौधरी सब डिविजन से है। अब निजामपुर सब डिविजन पर एसडीओ बैठेगा तो इन सभी 44 गांव/ढाणी से जुड़े ग्रामीणों को लाभ मिलेगा।


नारनौल। ग्रामीणों को नशा न करने के लिए जागरूक करते हुए। फोटो: हरिभूमि

## मांदी और गोद में नशे के खिलाफ किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

- सूचना देने वाले के नाम रखे जाएंगे गुप्त

नशा मुक्त अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक नितिश अग्रवाल के दिशानिर्देशानुसार जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए पुलिस की ओर से लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में थाना सदर प्रबंधक एसआई रविंद्र ने गांव मांदी में मौजीज व्यक्तियों व नशा करने वाले व्यक्तियों के परिजनों के साथ बैठक की और नशे से दूर रहने के बारे में समझाया। वहीं गहली चौकी इंचार्ज एएसआई संजय ने गांव गोद में गांव के मौजीज व्यक्तियों व ग्रामीणों के साथ गोष्ठी का आयोजन किया। जिसमे ग्रामीणों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी देकर नशे के खिलाफ जागरूक किया गया। इस दौरान पुलिस ने उपस्थित ग्रामीणों को नशा न करने की शपथ दिलाते हुए जिले को नशा मुक्त बनाने का आह्वान किया। बैठक में मौजूद लोगों को बताया कि पुलिस का प्रयास है कि नशा मुक्त अभियान से अधिक से अधिक लोग जुडे, ताकि नशा मुक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जा सकें। नशे पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस प्रशासन की ओर से व्यापक कदम उठाए जा रहे हैं। इस दौरान ग्रामीणों व युवाओं को नशे से होने वाले दुष्प्रभाव की जानकारी दी गई और इससे होने वाली आर्थिक एवं स्वास्थ्य समस्याओं से लोगों को अवगत करवाया। उन्होंने अपील की कि नशे का व्यापार करने वालों की सूचना पुलिस को दें, सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।


महेंद्रगढ़। अपने जन्मदिन पर पौधे लगाती मुकुल। फोटो: हरिभूमि

## जन्मदिन पर पौधे लगा दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

- शिक्षा नगर कालोनी में बेटी के 14वें जन्मदिन पर लगाए पौधे

शिक्षा नगर कॉलोनी निवासी मुकुल पुत्री बबरुभान के 14वें जन्मदिवस पर विभिन्न प्रकार के पौधे लगाकर जन्मदिन मनाया। कॉलोनी सचिव पर्यावरण प्रेमी इंद्रजीत ने बताया कि यहां कोई भी पश्चिमी सभ्यता के अनुसार केक नहीं काटता अपितु पूरी कॉलोनी में बच्चों के जन्मदिवस, शादी समारोह एवं सालगिरह तथा हर प्रकार की खुशी के अवसर पर समस्त कॉलोनीवासी मिलकर पौधारोपण करते हैं। शिक्षा नगर के चारों तरफ का पर्यावरण हरा-भरा करने के लिए लक्ष्य 1100 पौधे लगाने का है और अब तक कुल 275 पौधे लगा चुके हैं। कॉलोनी वासी अपने शुल्क पर ट्री गार्ड लगाते हैं तथा पौधों की देखभाल करते हैं। इसी कड़ी में मुकुल पुत्री बबरुभान के जन्मदिन पर 276वें पौधे का पौधारोपण किया गया। मुकुल के पिता ने पांच ट्री गार्ड निःशुल्क कॉलोनी वासियों को भेंट किए। बर्थडे गार्डन इंसानों के साथ-साथ पक्षियों, तितलियां, मधुमक्खियां आदि जीवों के लिए पसंदीदा ठिकाने भी होते हैं। सचिव ने कहा कि अपने-अपने जन्मदिन पर एक पौधा अवश्य लगाएं। एक पेड़ लगाना सो गायों का दान देने के समान होता है। बढ़ते शहरीकरण के चलते हमारी पृथ्वी पर पर्यावरण संतुलन का खतरा बढ़ रहा है।

### दो दिन से लापता महिला का शव तालाब में मिला

**कोसली।** बव्वा गांव से दो दिन पूर्व लापता हुई महिला का शव बुधवार को गांव की जलापूर्ति योजना के तालाब से मिला है। महिला सोमवार से अपने घर से लापता थी। महिला के पति बाबूलाल ने नाहड़ पुलिस चौकी में दी शिकायत में बताया था कि उनकी पत्नी भतेरी सोमवार प्रातः बिना बताए घर से चली गई थी। सायं खेत से वापस घर आने पर उसके माता पिता ने इसकी जानकारी दी। काफी समय से घर वापस नहीं आने पर उन्होंने पत्नी के संदेह जताते हुए गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया था। मंगलवार सायं किसी ने महिला की चप्पल व शाल को तालाब के किनारे देख गांव में जानकारी दी।

## मेरे बालाजी महाराज तेरा जयकारा गूंजे गली-गली

- मेहंदीपुर मित्र मंडल ने मालीटिब्बा में किया सुदंरकांड पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल


नारनौल। यजमान को स्मृति चिह्न भेंट करते हुए। फोटो: हरिभूमि

श्री मेहंदीपुर बालाजी मित्र मंडल के तत्वावधान में मंगलवार रात को मोहल्ला मालीटिब्बा में प्रेमचंद महेश सैनी के निवास स्थान पर सुंदरकांड पाठ किया गया। सर्वप्रथम आचार्य अश्वनी शर्मा ने पूजा अर्चना करवाकर हनुमान चालीसा व रामधुन के साथ सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल के प्रधान महावीर प्रसाद अग्रवाल ने की। राजेश सोनी ने बालाजी महाराज का भव्य दरबार सजाया। इस अवसर पर गौरीशंकर शर्मा, महावीर प्रसाद अग्रवाल, मनीष शर्मा, संजय अग्रवाल, राजेश सोनी, संजय शर्मा, प्रशांत सैनी, राकेश गुप्ता, चंचल, शिवशंकर अग्रवाल, नवीन जैन, काशीराम सैनी, नवीन बंसल ने सुंदरकांड पाठ के दौहे व चौपाइयों का गायन किया। इसके बाद मंडल के प्रमुख सदस्य संजय अग्रवाल ने मुख्य यजमान को बालाजी की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया। मास्टर गौतम नहीं मेरा संकट कट किया रे इस मेहंदीपुर दरबार में, महावीर प्रसाद अग्रवाल ने पकड़ लो हाथ बालाजी नहीं तो हम डूब जाएंगे, काशीराम सैनी ने रखवाला प्रतिपाला मेरा लाल लंगोटे वाला, नवीन बंसल में मौज हो गई हमारी मौज हो गई बाबा ने पकड़े हाथ हमारे मौज हो गई, गौरीशंकर शर्मा ने मेरा बालाजी महाराज तेरा जयकारा गूंजे गली-गली, प्रशांत सैनी ने लूट रहा लूट रहा बाबा का खजाना लूट रहा आदि भजनों से भगवान की महिमा का गुणगान किया। इस मौके पर महेश चंद्र सैनी, राजकुमार सैनी, सीताराम सैनी, रामकुमार सैनी, सुरेश सैनी, शिवचरण, प्रवेश अग्रवाल, रामेश्वर शर्मा, मन्नू बंसल, सोनू प्रजापत, नवीन भालोठिया, शुभम, अशोक सैनी, कौशल्या देवी, रेखा, कुंती, राधा, रामवती, ममता मौजूद रहे।

## किशन शर्मा बने पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल यूनियन के प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल


नारनौल। शपथ लेते नवनिर्वाचित पदाधिकारी। फोटो: हरिभूमि

ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन रजिस्टर्ड 681 संबंधित महासंघ जिला महेंद्रगढ़ के चुनाव सिंचाई विभाग कार्यालय महेंद्रगढ़ में चुनाव पर्यवेक्षक प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ की देखरेख में संपन्न हुए। इस अवसर पर कार्यकारिणी का चुनाव सर्वसम्मति से किया गया। जिसमें राजेंद्र कामरेड को चेयरमैन, किशन शर्मा को प्रधान, कृष्ण पूनिया व बलराम को वरिष्ठ प्रधान, संदीप कुमार को महासचिव, रविंद्र यादव को चीफ ऑर्गेनाइजर, राजवीर सिंह को मुख्य सलाहकार, सुरेश कुमार को सहसचिव, विकास शर्मा को प्रेस सचिव, संजय शर्मा को ऑफिस सचिव चुना गया। इस मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष सुभाष यादव, ब्रांच नारनौल के प्रधान दीपक शांडिल्य, खजांची मनोज शर्मा, पवन, महेंद्रगढ़ ब्रांच के प्रधान सुरेंद्र फौजी, कोषाध्यक्ष यशपाल जांगिड़ए, सचिव कुलदीप माजरा, रमेश बेरी मुख्य संगठनकर्ता, धर्मपाल सैनी वरिष्ठ उपप्रधान, सुनील शर्मा पाली, कनीना के प्रधान वेदपाल, उपप्रधान राकेश, कनीना ब्रांच महासचिव वेदप्रकाश आदि मौजूद रहे।


मंडी अटेली। स्टेट अवार्डी प्रवक्ता अरविंद कुमार की स्मृति चिह्न भेंट कर विदाई देते हुए। फोटो: हरिभूमि

## स्टेट अवार्डी अरविंद कुमार हुए सेवानिवृत्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

- शिक्षा विभाग में 40 साल तक दी अपनी सेवाएं

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुजरवास में स्टेट अवार्डी राजनीतिक विज्ञान के प्रवक्ता अरविंद कुमार 40 साल के सेवा काल के बाद बुधवार को सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर स्कूल प्रागंण में प्राचार्य भारतभूषण की अध्यक्षता में समारोह का आयोजन कर अध्यापकों ने विदाई दी। स्कूल स्टॉफ व विद्यार्थियों ने अपने प्रिय शिक्षक को स्मृति चिह्न देकर विदा किया। इस अवसर पर बीईओ देवेंद्र हरित, एबीआरसी मुकेश कुमार व रिटायर्ड डिप्टी डीईओ विरेंद्र सिंह विशेष रूप से मौजूद रहे। स्कूल से सेवानिवृत्ति के बाद स्कूल स्टॉफ ने उनके घर तक विदाई दी। इस मौके पर महिला कॉलेज प्राचार्य प्रवीण कुमार, रिटायर्ड शिक्षक धर्मेंद्र यादव, अश्वनी पार्षद सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। बीईओ देवेंद्र हरित ने कहा कि अरविंद कुमार को 2010 में शिक्षा विभाग की ओर से स्टेट अवार्ड से नवाजा गया। इतना ही नहीं इन्होंने 67 बार रक्तदान किया। अरविंद कुमार ने संकल्प लिया है कि मरणोप्रांत नेत्रदान करेंगे। स्कूल प्राचार्य भारतभूषण ने कहा कि अध्यापक कभी सेवानिवृत्त नहीं होते, अध्यापक हमेशा समाज को नई दिशा देने का काम करते है। इस मौके पर सुषमा, अनिता यादव, देवी प्रकाश, महेंद्र पाल, विश्वप्रकाश, सिंहराज, पीटीआई रविंद्र, अजय शास्त्री सिंह मौजूद रहे।

### हकेंवि में पत्रकारिता एवं पर्यावरण विभाग द्वारा किया गया आयोजन

# दो दिवसीय मीडिया कार्यशाला का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़


महेंद्रगढ़। कार्यशाला के समापन सत्र को संबोधित करते प्रो. सुनील कुमार। फोटो: हरिभूमि

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग एवं पर्यावरण अध्ययन विभाग ने सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज नई दिल्ली तथा ऑस्ट्रेलियाई उच्चायोग के सहयोग से निम्न कॉर्बन उत्सर्जन एवं सतत विकास विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का बुधवार को समापन हो गया। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने कार्यशाला के समापन सत्र की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास है कि विद्यार्थी जलवायु परिवर्तन शमन पर काम करके मानव जाति के पक्ष में अपनी भूमिका निभाएंगे। कार्यशाला के दूसरे दिन की शुरूआत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता से हुई। जिसमें सभी प्रतिभागियों ने इंटरैक्टिव सत्र दौरान कार्यशाला में प्राप्त ज्ञान का परीक्षण किया। इसके बाद कार्यशाला में जलवायु परिवर्तन संचार विशेषज्ञ निशांत सक्सेना ने तापमान वृद्धि व वातावरण की नमी-वहन क्षमता के बीच संबंध पर प्रकाश डाला। समापन सत्र में डॉ. मोना शर्मा, डॉ. सुरेंद्र, डॉ. भारती बत्रा, आलेख एस नायक, डॉ. विक्रम व डॉ. अनूप यादव उपस्थित रहे।

### बायोगैस संयंत्र का किया दौरा

पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार ने सत्र के समापन में उनके योगदान के लिए अतिथियों, अन्नू आनंद, वर्निका प्रकाश, कविता रखेजा और निशांत सक्सेना के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने उन समस्याओं के बारे में भी बताया जो पत्रकारों को जलवायु परिवर्तन सहित विज्ञान विषय को व्यापक दर्शकों तक संप्रेषित करते समय सामना करना पड़ता है। इस कार्यशाला में प्रतिभागियों ने कुरहावटा गांव में बायोमास गैस संयंत्र का दौरा भी किया। इस व्यावहारिक अनुभव ने प्रतिभागियों को बायोमास गैस के प्रत्यक्ष उत्पादन, उपयोग व जलवायु परिवर्तन को कम करने में इसके संभावित लाभों को जानने समझने का अवसर मिला। समापन सत्र के दौरान प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

## खबर संक्षेप



कनीना। शिविर के दौरान शिक्षक एवं छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### एनएसएस सामाजिक भागीदारी का प्लेटफॉर्म

**कनीना।** राजकीय कन्या कॉलेज उन्हाणी की छात्राएं एनएसएस शिविर के माध्यम से समाज उत्थान का कार्य कर रही है। प्राचार्य डा. विक्रम सिंह यादव व डा. सीमा देवी के मार्गदर्शन में छात्राएं ग्रामीणों को साफ-सफाई, शिक्षा तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रही है। इस अवसर पर डा. दिनेश कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में राष्ट्रीय सेवा योजना का अहम योगदान होता है, यह योजना समाज व स्वयंसेविकाओं के मध्य एक कड़ी का काम करती है।

### अफीम सप्लाई करने का आरोपी गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** सेक्टर-6 थाना पुलिस ने अफीम उपलब्ध कराने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने संतोष गेस्ट हाउस के पास पाल्हावास निवासी अमरजीत को 12 जनवरी के दिन नशीले पदार्थ अफीम के साथ गिरफ्तार किया था। पूछताछ के दौरान उसने अफीम यूपी के भीती निवासी रुस्तम से लेना स्वीकार किया था। पुलिस ने रुस्तम को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को कार्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

### दहेज उत्पीड़न के आरोप में एक काबू

**रेवाड़ी।** महिला थाना पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने विवाहिता की शिकायत के आधार पर दोनों पक्षों के बीच सुलह कराने के प्रयास किए थे। सुलहनामा नहीं होने के बाद पुलिस ने गत वर्ष 15 दिसंबर को केस दर्ज किया था। पुलिस ने पानीपत की संजय कॉलोनी निवासी मंजीत को गिरफ्तार कर लिया। बाद में आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### घर में घुसकर मारपीट का आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** रायपुर में घर में घुसकर मारपीट करने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर गत वर्ष 27 नवंबर को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज करने के बाद मामले की जांच शुरू की थी। जांच के बाद एक आरोपी फकीरचंद को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी कोर्ट में पेश करने के बाद जमानत पर रिहा कर दिया गया।

### डिप्टी सीएम को ज्ञापन सौंपने चंडीगढ़ जाएगा किसानों का प्रतिनिधिमंडल

# किसानों को नहीं मिली भावांतर राशि अभी भी 30 फीसदी किसान वंचित

- समर्थन मूल्य के आधार पर बाजार पर बाजरा बेचने पर सरकार को भांवातर योजना के तहत करनी थी किसानों के नुकसान की भरपाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी

खरीफ सीजन में समर्थन मूल्य पर बाजरा बेचने वाले किसानों को भावांतर राशि नहीं मिली। जिसके लिए विभिन्न गांवों के सैकड़ों किसान कृषि विभाग में संपर्क किया, लेकिन उन्हें कोई संतोषजनक जबाब नहीं मिला। इसके बाद मार्केट कमेटी के अधिकारियों को शिकायत दर्ज करवाई गई। बावजूद समाधान नहीं होने से नाराज किसानों ने सरकार व खरीद एजेंसी के खिलाफ आक्रोश जताया। इस बारे में किसान दाताराम, अशोक कुमार, सतबीर सिंह, कृष्ण कुमार, बलबीर व रामपत ने बताया कि बीते साल सरकार ने बाजरे को 2500 रुपये प्रति क्विंटल की दर पर खरीद किया था। निर्देशों में 2200 रुपये खरीद एजेंसी की मर्फत किसानों को भुगतान कर दिया गया है। 300 रुपये प्रति क्विंटल के पैसे किसानों को भावांतर योजना के अंतर्गत बैंक अकाउंट में भेजने का आश्वासन दिया था। सरकार की शतार्ं पर 15 हजार से अधिक किसानों ने नांगल चौधरी मंडी में बाजरा बेच दिया, जिन्हें 72 घंटें में एजेंसी व भावांतर का भुगतान होना था, लेकिन खरीद को बंद हुए करीब चार महीने बीत चुके हैं, अभी तक 70 फीसदी से अधिक किसानों को भावांतर स्कीम के पैसे नहीं मिले हैं। परेशान किसानों ने कृषि विभाग में संपर्क किया, उन्होंने खरीद एजेंसी के कार्यालय में भेज दिया। खरीद एजेंसी ने उच्च स्तरीय मामला होने का तर्क देकर समस्या से पल्ला झाड़ लिया। किसानों ने बताया कि बजारा बेचकर बच्चों की फीस जमा करवाने के अलावा खाद-बीज का भुगतान करना था, लेकिन सरकार की लचर व्यवस्था के कारण उनको आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है।

#### जिन किसानों ने 2200 रुपये क्विंटल बेचा था बाजरा उनकी 250 रुपये प्रति क्विंटल की अटकी है राशि

कृषि विभाग के बीएओ डा. हरीश यादव ने बताया कि शुरूआती चार दिनों तक खरीदे गए बाजरे एजेंसी ने 2200 प्रति क्विंटल का भुगतान किया था। इन किसानों को 300 रुपये प्रति क्विंटल की दर से मिलने वाली भावांतर राशि नहीं मिली। इसके बाद एजेंसी ने 2250 की दर से खरीदा तथा 250 रुपये भावांतर स्कीम से किसानों के बैंक खातों में भेज दिया। उन्होंने बताया कि 20 से 30 फीसदी किसानों की भावांतर राशि अटकी हुई है। जिसका भुगतान उच्च स्तरीय निर्देशों पर होना संभव है।

#### डिप्टी सीएम से मिलेगा किसानों का प्रतिनिधिमंडल

किसान एवं नपा के पार्षद कवरसिंह जाखड़, चैनसुख तोताहेड़, राकेश अकबरपुर, सुनील दौंगली ने बताया कि भावांतर स्कीम का पैसा किसानों को 72 घंटे में मिलना चाहिए था, लेकिन खरीद एजेंसी की लचर कार्रवाई के चलते किसानों की मेहनत की कमाई कागजों में अटकी हुई है। विभिन्न गांवों के किसानों का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला को शिकायत पत्र सौंपेगा।

## बाइपास पर स्पीड ब्रेकर बनाने की रखी मांग

### नारनौल में हो रहा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

- अब तक दो बार सीएम विंडो व विधायक को लिखा जा चुका पत्र
- सिंगल बाइपास को बनाया जा रहा फोरलेन

नगर परिषद के पूर्व चेयरमैन किशन चौधरी एडवोकेट ने बाईपास पर स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग की है। इस बारे में किशन चौधरी ने बताया कि पुराना बाईपास रोड को तोड़कर नया बनाया जा रहा है। यह बाईपास जब कुलताजपुर रोड को क्रोस करता है। जहां पर चारों तरफ स्पीड ब्रेकर बनवाने के लिए उन्होंने 29 नवंबर 2023 को बीएण्डआर कार्यालय व चार दिसंबर 2023 को उपायुक्त कार्यालय, सीएम विंडो व विधायक नांगल चौधरी अभय सिंह यादव को भी लिखित पत्र भेजा था। जिसमें उसने चारों तरफ ब्रेकर बनवाने की मांग की थी।

उन्होंने बताया कि पहले सिंगल बाईपास रोड था, लेकिन अब फॉर लेन रोड बनाया जा रहा है। इस सड़क पर स्पीड ब्रेकर नहीं होने के कारण लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है और उनकी जान-माल का खतरा बना हुआ है। उन्होंने कहा कि जब तक यहां पर कोई हादसा नहीं हो जाएगा, तब तक प्रशासन भी इसकी ओर ध्यान नहीं देगा। उन्होंने प्रशासन से जनहित में देखते हुए चारों तरफ ब्रेकर बनवाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि इस रोड पर ढोसी धाम, महाकालेश्वर धाम, भारती पब्लिक स्कूल, बीएस शिक्षण महाविद्यालय, डीएवी स्कूल, ओएसिस स्कूल आते है। उन्होंने बताया कि पहले यहां पर स्पीड ब्रेकर बनाए गए थे, लेकिन अब नये बाईपास रोड पर एक भी ब्रेकर नहीं है। जिससे आम लोगों व स्कूल के बच्चों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है।

## इनेलो एससी सेल की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



नारनौल। बैठक में आए इनेलो कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

सिंघाणा रोड स्थित हलका कार्यालय में इनेलो एससी सेल की बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि एससी सेल के प्रदेश अध्यक्ष वेदसिंह मुंडे व प्रधान महासचिव सम्पतराम डहनवाल थे। इस मौके पर के जिला प्रभारी पूर्व विधायक रणवीर सिंह मंदोला मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता एससी सेल के जिला प्रधान ज्ञानेशवर निंभल ने की। इस अवसर पर बैठक में पार्टी संगठन को और मजबूत करने के लिए विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर कई दर्जन लोग इनेलो पार्टी में शामिल हुए। इस अवसर पर वेदसिंह मुंडे, सम्पतराम डहनवाल, वेदप्रकाश नंबरदार रामबास ने कार्यकर्ताओं को दिशानिर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी नीतियों को गांव-गांव जाकर बताने का कार्य करें।

## महिला सशक्तिकरण व लिंग समानता पर प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। स्लोगन दिखाती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

राजकीय महिला महाविद्यालय में महिला अध्ययन, विकास प्रकोष्ठ व जेंडर स्टडीज सोसाइटी के तत्वावधान में महिला सशक्तिकरण एवं लिंग समानता विषय पर निबंध लेखन, स्लोगन लेखन, पेंटिंग व कोलाज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य संजय जोशी ने की। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्राओं में छिपी हुई प्रतिभाओं को बाहर निकलने का एक अच्छा जरिया बनती है। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं में छात्राओं को भाग लेते रहना चाहिए, क्योंकि ये प्रतियोगिता उनके व्यक्तित्व के विकास में भी सहायक होती हैं। इस दौरान निर्णायक मंडल की भूमिका महेंद्र सिंह, तीर्थराज शर्मा तथा शुभराम ने निभाई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शर्मिला, डॉ. रविंद्रा, डॉ. ज्योति शर्मा तथा ज्योति शर्मा की देखरेख में हुआ। निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम पलक, द्वितीय कोमल व तृतीय स्थान वर्षा ने प्राप्त किया। स्लोगन लेखन में राशि प्रथम, मेघा द्वितीय तथा हिना तृतीय स्थान पर रही। पेंटिंग में प्रथम मिताली, द्वितीय वर्षा तथा तृतीय रितु ने प्राप्त किया। कोलाज में रेनू प्रथम, आंचल द्वितीय तथा रितु तृतीय स्थान पर रही। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी कविता रानी ने छात्राओं के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में इसी तरह से उत्साह के साथ हर प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर डॉ. मक्खन सिंह, डॉ. अरुण, डॉ. किरण, अनु, प्रवीण कुमार मौजूद रहे।

## अवैध हथियार सहित आरोपित गिरफ्तार

- पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर की कार्रवाई

**नारनौल।** सीआईए ने अवैध हथियार रखने के शौकीन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गुप्त सूचना के आधार पर नांगल चौधरी क्षेत्र से एक आरोपित को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपित के खिलाफ थाना नांगल चौधरी में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपित को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि सीआईए टीम गश्त के दौरान गांव नायन क्षेत्र में मौजूद थी, उसी समय टीम को गुप्त सूचना मिली कि संदीप वासी नियामतपुर मोरुंड अपने पास अवैध हथियार लिए गांव गोठड़ी के पास खड़ा है और किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। अगर तुरंत रेड की जाए तो अवैध हथियार सहित काबू किया जा सकता है। जिस पर टीम ने बताए हुए स्थान पर रेड की। जहां पर एक व्यक्ति टीम को देखकर तेज-तेज कदमों से चलने लगा। जिसे काबू करके नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम संदीप वासी नियामतपुर मोरुंड बताया। जिसकी तलाशी लेने पर उसके पास से एक अवैध देसी कट्टा व एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ।

## एक साल में नहीं दी गई एक भी नौकरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

- आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष ने प्रदेश सरकार को घेरा।



डॉ. मनीष यादव।

आम आदमी पार्टी यूथ विंग के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनीष यादव ने बुधवार को सरकारी नौकरियों में भर्ती प्रक्रिया को लेकर भाजपा व जजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यदि सीएम खट्टर 2023 में दी गई एक हजार नौकरियों की भी लिस्ट जारी करें, नहीं तो प्रदेश के युवाओं से माफी मांगने का काम करें। उन्होंने कहा सीएम खट्टर ने छह जनवरी 2023 को एक ट्वीट किया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि वर्ष 2023 में ग्रुप सी व डी के लिए हम हरियाणा में 50 हजार भर्तियां करने जा रहे हैं। प्रदेश वासी अपना विश्वास बनाए रखें और किसी के बहकावे में न आए। उन्होंने कहा कि पूरा एक साल बीतने के बाद 50 हजार तो दूर, सीएम खट्टर 2023 में दी गई एक हजार नौकरियों की लिस्ट भी सार्वजनिक कर दें तो उनका बड़ा आभार होगा, ताकि प्रदेश के युवाओं को भी पता चलेगा कि सीएम खट्टर उनके लिए कितना कुछ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब भाजपा की सोशल मीडिया ट्रॉल्स की टीम ने आम आदमी पार्टी को इस मुद्दे पर टारगेट किया तो किसी ट्रोलर ने अपने जवाब में कौन सी नौकरियां दी इसके बारे में जिक्र नहीं किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने साढ़े 13 हजार नौकरियों का दावा किया वो मात्र एक बेवकूफाना हरकत बनकर रह जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि सीएम व बीजेपी नेता 1000 नौकरियों की लिस्ट भी जारी नहीं कर सकते तो युवाओं से झूठ बोलने, गुमराह करने और युवाओं का भविष्य खराब करने के लिए प्रदेश की जनता से सार्वजनिक तौर पर माफी मांगे।

## यादव धर्मशाला में 4 को नेत्र जांच शिविर

- चयनित मरीजों का भिवानी में करवाया आएगा ऑपरेशन

**महेन्द्रगढ़।** यादव धर्मशाला में चार फरवरी को 162वें निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। कप्तान राजेंद्र सिंह खेड़ा ने बताया कि निःशुल्क नेत्र जांच शिविर राहत ग्रुप एवं वेदप्रचार मंडल प्रधान डॉ. प्रेमराज आर्य की अध्यक्षता में लगाया जाएगा। नेत्र रोगी प्रातः आठ बजे से अपने आधार कार्ड के साथ यादव धर्मशाला के मुख्य सभागार में पंजीकरण हेतु पहुंचे। नेत्र रोगियों की जांच डॉ. जितेंद्र यादव करेंगे। चयनित मरीजों को ऑपरेशन हेतु सिविल अस्पताल भिवानी भेजा जाएगा। जहां डॉ. एडविन रंगा रोगियों के ऑपरेशन करेंगे। डॉ. प्रेमराज आर्य ने बताया कि जनवरी 2009 से यह जन सेवा का पूनित कार्य निरंतर जारी है। अब तक हजारों रोगियों ने अपनी नेत्र ज्योति प्राप्त की है। डॉ. एडमिन रंगा, डॉ. हेमंत, डॉ. जितेंद्र यादव का आभार किया है।

## महिला कॉलेज में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



- संध्या, मनीषा व मोनू चुने गए सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक

नारनौल। सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेविकाओं के साथ कॉलेज स्टॉफ।

राजकीय महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों की ओर से आयोजित सात दिवसीय शिविर का समापन बुधवार को राजकीय प्राथमिक विद्यालय पटीकरा में किया गया। इस समापन कार्यक्रम में स्टेट एनएसएस ऑफिसर दिनेश कुमार मुख्य अतिथि थे। महाविद्यालय प्राचार्य ज्ञानचंद राणा ने दिनेश कुमार का कार्यक्रम में पहुंचने पर स्वागत किया। कार्यक्रम का सफल संचालन तीनों कार्यक्रम अधिकारी डा. ममता शर्मा, डा. साधना यादव व डा. सुमन यादव ने किया। तीनों इकाइयों से तीन स्वयंसेविकाओं को सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेविका के रूप में चुना गया। जिसमें यूनिट प्रथम से संध्या, यूनिट द्वितीय से मोनू, यूनिट तृतीय से छात्रा मनीषा सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेविकाएं रही। प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। जिनमें अलग-अलग समूह अव्वल रहे और उन्हें आए हुए गणमान्यों ने पुस्कृत किया। एसएनओ ने स्वयंसेविकाओं से चर्चा शिविर को नए आयाम दिए गए। इस मौके पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डा. यशपाल, डा. आरपी सिंह, डा. अंजू रानी, डा. सुनील, डा. गीत यादव, डा. दीपिका रानी आदि मौजूद रहे।

### बोचड़िया स्कूल के प्राचार्य हरविंद्र यादव हुए सेवानिवृत्त

**मंडी अटेली।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बोचड़िया के प्राचार्य हरविंद्र यादव शिक्षा विभाग में 31 साल के सेवा काल के बाद बुधवार को सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि बीआरसी मुकेश कुमार थे। मंच संचालन वरिष्ठ अंग्रेजी प्रवक्ता पूर्णसिंह ने किया। इस मौके पर शेरसिंह व हसनुपर के सरपंच बलराम भी विशेष रूप से मौजूद रहे। स्कूल स्टॉफ ने प्राचार्य को स्मृति चिह्न देकर विदाई दी। समारोह में बीआरसी मुकेश कुमार व प्राचार्य हरविंद्र समय के पाबंद के साथ कर्तव्य परायण थे। प्रवक्ता पूर्णसिंह ने कहा कि विदाई का क्षण भावनाओं भरा समय होता है। इस मौके पर मॉडल संस्कृति स्कूल के प्राचार्य राकेश कुमार, प्राचार्य राजकुमार, मुरारीलाल, सुमन खन्ना, एसएमसी प्रधान होशियार सिंह, कैलाश कुमारी, सबिता यादव, अशोक कुमार, प्रवीण कुमार, धर्मेंद्र, भूपसिंह मा

## खेल आपसी भाईचारे का प्रतीकः कंवर सिंह

- श्यामपुरा में क्रिकेट प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। मुख्यातिथि को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

सतनाली कस्बे के गांव श्यामपुरा में शहीद अशोक सिंह क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व जिला अध्यक्ष कंवर सिंह यादव ने किया गया। गांव में पहुंचने पर सरपंच विनोद ने मुख्यातिथि कंवर सिंह यादव का स्वागत व अभिनंदन किया। इस दौरान खेल कमेटी ने मुख्यातिथि को एक मोमेंटो देकर स्वागत किया। कंवर सिंह यादव ने बताया कि जिले के सभी गांव में खेल प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है, यह बहुत ही खुशी की बात है कि हमारे जिले में खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसी प्रतियोगिता समय-समय पर गांवों में होती हैं।

उन्होंने कहा कि खेल हमारे शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास के लिए बहुत जरूरी है। खेल आपसी भाईचारे और अनुशासन का प्रतीक है। बिना हार-जीत की परवाह किए बिना ईमानदारी से खेलना चाहिए। कमेटी सदस्य दिलबाग ने बताया कि प्रतियोगिता के पहले तीन विजेताओं को नकद पुरस्कार व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर सरोज चेयरमैन, मनोज शेखावत, लाला पंच, नवल सिंह, मास्टर ओमप्रकाश डागर मौजूद रहे।

### तीन लोगों के खिलाफ जान से मारने की धमकी देने का केस

**मंडी अटेली।** पुलिस ने एक व्यक्ति की शिकायत पर तीन लोगों के खिलाफ मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज किया है। गांव भीलवाड़ा निवासी राकेश कुमार ने पुलिस में दी शिकायत में बताया है कि 21 जनवरी को अपनी गाड़ी लेकर अपने गांव से नया बस अड्डा अटेली आया था। गाड़ी को खड़ा किया तो वही पर गांव बेगपुर निवासी छोटेलाल भी अपनी गाड़ी को लेकर आ गया, छोटेलाल पेशाब कर रहा था। जिसने कहा कि मेरी तरफ क्या देखता है इतना कहकर उसने थप्पड़ मारा। शिकायत में कहा कि छोटेलाल ने अपने लड़के को फोन करके बुलाया।

### कुल 112 अमृत सरोवरों के निर्माण का लक्ष्य

# जिले में 88 अमृत सरोवरों का निर्माण व पुनरुद्धार

- हरियाणा तालाब प्राधिकरण के कार्यकारी उपाध्यक्ष प्रभाकर कुमार वर्मा ने की समीक्षा बैठक
- अमृत सरोवर योजना जिला महेंद्रगढ़ के लिए कारगर : प्रभाकर कुमार वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



नारनौल। अधिकारियों की बैठक लेते हरियाणा तालाब प्राधिकरण के कार्यकारी उपाध्यक्ष प्रभाकर कुमार वर्मा। फोटो : हरिभूमि

अमृत सरोवर योजना के तहत जिले में अब तक 88 अमृत सरोवरों का निर्माण व पुनरुद्धार पंचायती राज विभाग एवं मनरेगा के अधीन किया गया है। जिला महेंद्रगढ़ के लिए यह योजना कारगर सिद्ध होगी। अधिकारी शेष बचे सरोवरों का कार्य भी जल्द से जल्द पूरा करवाएं। यह निर्देश बुधवार को हरियाणा तालाब प्राधिकरण के कार्यकारी उपाध्यक्ष प्रभाकर कुमार वर्मा ने गुरुग्राम मंडल के पंचायती राज एवं अन्य विभागों के अधिकारियों की लघु सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित अमृत सरोवर की समीक्षा बैठक में दिए। इस बैठक में सीएमजीजीए दिवाकर कुमार, हिया बनर्जी व अनुकृति शर्मा के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

#### 112 अमृत सरोवर बनाने का लक्ष्य

इस अवसर पर प्रभाकर कुमार वर्मा ने बताया कि 24 अप्रैल 2022 को स्वतंत्रता के 75वें वर्ष पर भारत की आजादी का अमृत महोत्सव समारोह के हिस्से के रूप में मिशन अमृत सरोवर लॉन्च किया गया था। इस मिशन का लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट की समस्या को दूर करने के लिए भारत के प्रत्येक जिले में कम-से-कम 75 अमृत सरोवरों का निर्माण व पुनरुद्धार करना था। जिला महेंद्रगढ़ में कुल 112 अमृत सरोवरों का निर्माण का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि जोहड़ व बावड़ियां प्राचीन काल से ही ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक, सांस्कृतिक व पारंपरिक महत्व रखती हैं। जिला के भौगोलिक क्षेत्र को देखते हुए जल संरक्षण की दिशा में यह सरकार की ओर से बहुत बड़ा कदम उठाया गया है। आने वाले समय में यह अमृत सरोवर आकर्षण का केंद्र बनेंगे। अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि इनके रखरखाव के लिए ग्रामीणों की भागीदारी निश्चित की जाए।

### गांव रामबास स्कूल के विद्यार्थियों को किया जागरूक

**कनीना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रामबास में आयोजित समारोह में विद्यार्थियों को जल बचाओ अभियान के प्रति जागरूक किया गया। इस समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य ओमपाल ने की। खंड संसाधन संयोजक मोहित कुमार ने बताया कि जल एवं स्वच्छता विषय पर निबंध लेखन व पेंटिंग प्रतियोगिता हुई। निबंध लेखन में छात्र पंकज ने प्रथम, खुशबू ने द्वितीय व तान्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पेंटिंग प्रतियोगिता में पलक ने पहला, खुशी ने दूसरा व संजना ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर संदीप कुमार, छोटेलाल, राजेन्द्र प्रसाद, मुकेश कुमार, सतीश कुमार, कुसुम बाला, मंजू कुमारी, सोनिका शर्मा मौजूद रहे।

**सूचना**

मै रोहित कुमार पुत्र अशोक कुमार मकान नं. 456 नजदीक मोहल्ला पुरानी सराय नारनौल जिला महेंद्रगढ बयान करता हूं कि मैने मैट्रिक कक्षा नेशनल ओपन स्कूल दिल्ली से की है जिसका रोल नं. 050067162074 है। मेरी मैट्रिक की अंकतालिका में मेरा नाम रोहित दर्ज किया हुआ है। जबकि मेरे अन्य दस्तावेजों आधार, पैन कार्ड व अन्य सभी दस्तावेजों में मेरा नाम रोहित कुमार है जो कि सही है। नियमानुसार सही करने का कष्ट करें।

**सूचना**

मैं, बनवारी लाल (पैन नंबर ABZPA5748H) पुत्र मूला राम निवासी ग्राम दत्ताल तह. नांगल चौधरी जिला. महेंद्रगढ़, मैंने भविष्य के सभी उद्देश्यों के लिए अपना नाम बनवारी लाल आर्य से बदलकर बनवारी लाल कर लिया है। बनवारी लाल आर्य और बनवारी लाल एक ही व्यक्ति हैं।

**Notice**

I Santi W/o Late Shri Dev Dutt Vill. Balaha Kalan Teh. Narnaul Distt. Mahendergarh hereby declare that i have had changed my name Santi to Santi Devi for all future purposes. That my DOB is recorded as 18.08.1946 in my husband's service record whereas my correct DOB as per my civil document like Aadhar & Pan Card is 01.01.1936.

**सूचना**

मै प्रवीण कुमार पुत्र परमेश्वर दयाल वासी मोहल्ला चान्दुवाडा नारनौल जिला महेंद्रगढ बयान करता हूं कि मेरी माताजी तीजा देवी पत्नी परमेश्वर दयाल का देहान्त 04.07.2022 को हो चुका है वहीं मेरे पिता का देहान्त 12. 01.2020 को हो चुका है। उनके नाम एक दुकान जिसका वसीका नं. 497 है जो कि सदर बाजार नारनौल में है। उनकी मृत्यु के उपरान्त मै अकेला उनका कानूनी वारिस हूं। मेरे अलावा उनका और कोई कानूनी वारिस नही है। शपथ पत्र के साथ उक्त जानकारी का मै स्वयं जिम्मेदार हूं।

## खबर संक्षेप

### गाहड़ा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आज

**महेंद्रगढ़।** गांव गाहड़ा में स्वर्गीय मुखराम शर्मा की दूसरी पुण्यतिथि



पर उनके पुत्र राजपाल शर्मा व परिजनों की ओर से उनकी याद में श्रद्धांजलि स्वरूप निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन एक फरवरी को उनके निवास स्थान पर किया जाएगा। स्वर्गीय मुखराम शर्मा की पत्नी संतरा देवी ने बताया कि उनके पति 1961 में सेना में भर्ती हुए तथा भारत-चीन व भारत-पाकिस्तान के युद्ध में भाग लिया और सेना से सेवानिवृत्त होने उपरांत वह बिजली विभाग में कार्यरत रहे। उनका हर काम देश को समर्पित रहा है।

### मकान से बाइक व 15 हजार रुपये चोरी

**महेंद्रगढ़।** कर्मचारी कॉलोनी में एक घर से अज्ञात चोर मोटरसाइकिल व 15 हजार रुपये की नकदी चोरी करके ले गए। पीड़ित ने सिटी पुलिस थाने में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात चोरों पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जितेंद्र कुमार ने सिटी पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह कर्मचारी कॉलोनी का निवासी है। बीती 29 जनवरी की रात्रि को अज्ञात चोर उसके घर में घुस गए। मकान से चोर बाइक व अलमारी से 15 हजार रुपये चोरी करके ले गए। जितेंद्र ने पुलिस से रुपये व बाइक बरामद करने तथा चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### नगर पालिका कनीना ने किया टोल फ्री नंबर जारी

**कनीना।** कनीना नगर पालिका प्रशासन की ओर से शहर में सफाई एवं स्ट्रीट लाइटों की खराबी को लेकर टोल फ्री नंबर जारी किया गया है। नपा सचिव समयपाल सिंह ने बताया कि आमजन सड़कों पर कूड़े के ढेर दिखाई देने व स्ट्रीट लाइट खराब होने के संदर्भ में टोल फ्री नंबर 9467859544 पर फोटो अपलोड कर सकता है। इस नंबर पर शिकायत भी दर्ज करवाई जा सकती है। उन्होंने बताया कि नगर पालिका परिधि में रहने वाले व यहां से आवागमन करने वाला कोई भी आमजन साफ-सफाई व स्ट्रीट लाइट को लेकर व्हाट्सएप पर लोकेशन सहित शिकायत दर्ज करवा सकता है।

## नप जमीन पर गलत ढंग दुकानें बनाने के विरोध में पार्षद लामबंद, बजट बैठक का किया बहिष्कार

# नगर परिषद से पेट्रोल पंप लगाने के लिए 99 साल के पट्टे पर ली जमीन पर बना दी दुकानें

**मुख्य डाकघर के सामने दुकानें बनाने पर अधिकारियों ने साधी चुप्पी, डोर टू डोर कूड़ा उठाने के टेंडर पर भी पार्षदों को संतुष्ट नहीं कर पाए नगर परिषद के अधिकारी**





नारनौल। मुख्य डाकघर के सामने दुकान बनाने का मुद्दा उठाते पार्षद मोहनलाल शर्मा व चालान नहीं काटने के पार्षद के सवाल पर जवाब देते एक्सईएन सुंदर सिंह। फोटो: हरिभूमि।

**क्या कहते है नप ईओ**

नगर परिषद के ईओ दीपक गोयल ने बताया कि बजट बैठक का पार्षदों ने बहिष्कार नहीं किया है। पार्षदों को कुछ प्वाइंटों पर आपत्ति थी तथा अब उन प्वाइंट में बदलाव किया जाएगा। जिसके बाद दोबारा से बजट बैठक बुलाई जाएगी।

सतीश सैनी ▶▶| नारनौल

नगर परिषद की बुधवार सुबह आम बैठक व बजट बैठक तय की गई थी। सुबह 11 बजे की बजाय एक घंटे लेट पार्षद कोरम पूरा होने पर बैठक शुरू हुई। इसकी अध्यक्षता चेयरपर्सन कमलेश सैनी ने की। बैठक में शहर के मुख्य डाकघर के सामने 99 साल के लिए नगर परिषद की ओर से पेट्रोल पंप के लिए तहबाजारी को लेकर दी गई जमीन पर चार दुकान बनाए जाने का पार्षदों ने विरोध किया। इस पर अधिकारी जवाब देते बचते दिखाई दिए। यहीं नहीं, कूड़ा गिराने पर चालान काटने और डोर-टू-डोर टेंडर को लेकर ईओ व एक्सईएन के बीच भी आपसी सहमति नहीं दिखी और तर्क-वितर्क सदन में हुई। वहीं शहर में चिन्हित 19 होर्डिंग स्थल पर बिना परमिशन बिना पैसा जमा करवाएं लग रहे पोस्टरों का भी खूब शोर मचा। यहीं नहीं, पिछली बैठक में रखी गई मांगों पर कोई जवाब नहीं देने से नाराज उपप्रधान सहित अधिकांश पार्षदों ने आम बैठक के बाद बजट बैठक का बहिष्कार कर चुपचाप वहां से निकल आए। पार्षदों का मत था कि अधिकारी पहले पिछली बैठक में उठी मांगों पर जवाब दें फिर बजट बैठक होगी और सभी हस्ताक्षर करेंगे।

### नप के पास नहीं कोई रिकॉर्ड

पार्षद मोहनलाल शर्मा ने कहा कि पोस्ट ऑफिस के सामने नगर परिषद की लीज की जमीन है। शायद यह किसी समय पेट्रोल पंप के लिए दी गई थी। अब उसे तोड़कर चारदीवारी करके टीनशैड डाल दी गई है। किसकी इजाजत से यह काम हुआ? क्या आज के समय नगर परिषद तहबाजारी की पर्ची काट सकती है? अधिकारी बताएं कि इस वजह से पर्ची काटी है। दूसरी बात पुल बाजार पर जितनी भी दुकानें तहबाजारी की है, उसमें सबलेट किरायेदार बैठे है। नगर परिषद में वह 500 रुपये किराया जमा करवा रहे है। किरायेदारों से वह 20 हजार मासिक पैसा वसूल रहे है। नगर परिषद को सीधे हर दुकान का हर माह 19500 रुपये का नुकसान हो रहा है जो हर दुकानों का मिलाकर हर माह लाखों का नुकसान हो रहा है। या तो नगर परिषद पहले मालिक से वह जगह खाली करवाएं और दूसरे के नाम करें। नगर परिषद की ओर से अभी तक इस मामले में कोई एक्शन नहीं है। आज यहां पूरा सदन बैठा है। अधिकारी जवाब दें कि किस नियम या दस्तावेज के तहत डाकघर के पास चार दुकान बनाने की परमिशन दी गई। तहबाजारी के तहत किसकी पर्ची काटी, किसकी परमिशन थी और अगर काट दी तो फिर सभी ही तहबाजारी के तहत पर्ची काटी जाए। इसका जवाब अधिकारियों को देना होगा। यह मुद्दा हमने पिछली मीटिंग में भी उठाया था, फिर भी अभी तक कोई जवाब नहीं मिला। इस बीच एमई ने जवाब दिया कि वह अभी आए है। उनके संज्ञान में यह मामला नहीं है। वैसे भी जिस काम के लिए लीज पर जमीन ली गई है, वहीं काम हो सकता है। अगर वह काम नहीं होता है तो उस लीज को खत्म किया जा सकता है। इस पर सदन के समक्ष गोल-मोल जवाब देते हुए जेई विकास शर्मा ने बताया कि यह जमीन 99 साल के लिए लीज पर दी गई थी। हमारे यहां से कोई दुकान का नक्शा पास नहीं हुआ है। उन्हें नोटिस दिया गया था। नोटिस में उन्होंने जवाब दिया है कि उनका साल 2016 में नक्शा पास है जबकि ऐसा हमारे पास कोई रिकॉर्ड नहीं है। नक्शे की कॉपी नगर परिषद कार्यालय में नहीं है, रिकॉर्ड में चेक करवा ली है। ईओ ने जेई से पूछा कि लीज पेट्रोल पंप से ली है तो नक्शा किसका पास है? इस पर जेई ने रिकॉर्ड देखकर ही बताने की बात कही। इस दौरान पार्षद विनोद त्यागी व संदीप भांखर ने कहा कि अगर नक्शा नहीं है तो उसे तोड़ने की कार्रवाई की जाए। जब पार्षद मोहनलाल शर्मा ने कहा कि पिछली बैठक में यह कहा गया था कि अगली बैठक में पूरे रिकॉर्ड के साथ बताएंगे? अब बताएं। इस सवाल पर अधिकारियों ने चुप्पी साध ली।

### बिना अनुमति लगी होर्डिंग तो होगी कानूनी कार्रवाई

पार्षद कपिल यादव ने कहा कि सबसे अहम मुद्दा शहर में लगी होर्डिंग का है। जो पुरानी एजेंसी थी, उसने शायद अभी तक कोई पेंमेंट नहीं करवाई। रेगुलर आज तक भी रोजाना उन पोलों पर होर्डिंग लगाए जा रहे है। उसका एक भी पैसा नगर परिषद को नहीं मिल रहा। आप कह रहे है हम हटा रहे है। फिर भी लगातार लग रही है। ऐसी स्थिति में जिसकी होर्डिंग बिना परमिशन लगे उस पर एफआईआर दर्ज करवाई जाए। नगर परिषद की संपत्ति पर कोई बार-बार होर्डिंग लगा रहा है और आप कुछ नहीं कर रहे। जबकि मार्केट में यह बात चल रही है कि नगर परिषद के ही कुछ लोग मिलकर सिर्फ एक साइट पर ही 15 से 20 हजार रुपये लिए जा रहे है। जिसमें से बिना रिकॉर्ड के कुछ पैसा नगर परिषद से जुड़े लोग ले लेते है और कुछ फ्लैक्स वाले ले जाते है। चेयरपर्सन ने भी पार्षद के मुद्दे पर सहमति जताते हुए कहा कि तिरंगा लाइट पोल पर भी होर्डिंग लग रहे है जबकि मना किया गया है। पार्षद ने मांग करते हुए कहा कि एक जेई की स्पेशल ड्यूटी इसी काम पर हो। कोई लगाता है तो एक घंटे में ही उसे फाड़ दिया जाए। अगर वह होर्डिंग दो दिन भी रह गया तो नगर परिषद के प्रयासों का कोई फायदा नहीं। यहीं नहीं, जिसका वह होर्डिंग है, उसे भी नोटिस दें कि नगर परिषद में पैसा जमा नहीं करवाया। पैसा जमा करवाएं वरना कानूनी कार्रवाई होगी। एक्सईएन सुंदरसिंह ने जवाब दिया कि 26 नवंबर 2023 को एजेंसी का टेंडर खत्म हो गया था। सरकार ने जो नए नियम बनाएं उनके मुताबिक टेंडर लगाया था। उसके हिसाब से एक पोल की 30 से 40 हजार मासिक किराये की एवरेज आ रही है। उसके हिसाब से हमनें 19 लोकेशन के टेंडर लगाए थे। सिर्फ एक ही एजेंसी ने टेंडर के लिए आवेदन किया। अब वह एजेंसी भी काम करने के लिए मना कर रही है। एमई सोहनलाल ने पार्षद की मांग पर सहमति जताते हुए कहा कि एक कर्मी की ड्यूटी लगाई जाएगी। तुरंत लगाए गए होर्डिंग को हटवाया जाएगा और जिसका होर्डिंग होगा उसे नोटिस देकर कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

### चितवन वाटिका में बनेगा पार्क, एस्टीमेट हो रहा तैयार

पार्षद मोहनलाल शर्मा ने कहा कि दूसरा अहम मुद्दा चितवन वाटिका का है। यह किसी समय में शहर का सबसे बढ़िया पार्क हुआ करता था। किन्हीं कारणों से धीरे-धीरे इसके ऊपर अतिक्रमण होता गया। यह खाली होता गया और अब बदहाली में है। यहां या तो पार्क बनाया जाए या फिर सीएम अनाउंस के तहत घोषित इस जगह पर पार्किंग व शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बनाया जाए। इस पर एक्सईएन सुंदरसिंह ने जवाब दिया कि यहां पार्क बनाया जाएगा। इसका एस्टीमेट हम तैयार कर रहे है।

### खामियों के बीच फिर से डोर-टू-डोर टेंडर छोड़ने की तैयारी

पार्षद कपिल यादव ने कहा कि डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने का टेंडर आज 31 जनवरी 2024 को खत्म हो रहा है। यह तो अधिकारियों को पहले ही पता था। सबसे पहले इस टेंडर पर एक्सटेंड पर हमें आना ही नहीं था। अगर आ भी गए तो जो खामियां थी, उसे दुरूस्त करते। गलियों में कूड़ा उठान नहीं होता। उनके वार्ड में लगातार 62 दिन टैम्पो नहीं चला। लिखित शिकायत भी दी। वह हाउस के सामने प्रस्ताव रखते है कि जब भी उसकी पेंमेंट हो जीपीएम ट्रेकिंग के माध्यम से पूरा रिकॉर्ड निकाला जाए। उनके वार्ड में एक साल में एक दिन भी पूरी तरह डोर-टू-डोर कवर नहीं हुआ है। डोर-टू-डोर का मतलब है जब हर घर से कूड़ा उठेगा तब पैसा मिले। अगर पैसा दे दिया तो ठेकेदार पर तो बात आएगी ही, साथ ही संबंधित अधिकारियों पर भी बात आएगी। जब भी बात हुई टैम्पो खराब, जेसीबी मशीन खराब। इसी बीच सदन में बैठे सभी पार्षदों ने नई जेसीबी खरीदने की सहमति दी। हमें शर्म आनी चाहिए हमारा शहर स्वच्छता में 89वां नंबर आया है। ईओ ने जवाब दिया कि जीपीएस ट्रेकिंग के हिसाब से ही पेमेंट होगी। इस संबंध में चेयरपर्सन ने एक्सईएन से पूछा कि आपको नहीं पता था यह टेंडर खत्म होने वाला है। एक्सईएन ने जवाब दिया उन्हें आइडिया नहीं था। चेयरपर्सन ने कहा क्यूं आईडिया नहीं था। आप फाइल चेक नहीं करते। यह बात गलत है। बीच में टोकते हुए ईओ ने एक्सईएन से कहा कि क्या इसमें एक्सईएन का कोई रोल नहीं होता? आपके साइन नहीं होते? इस बीच पार्षद सुशीला सैनी ने कहा कि जब पेमेंट होती है तो साइन अधिकारियों के ही होते है। ईओ साहब आप साइन मत करों। ईओ ने कहा कि भविष्य में पार्षदों से संतुष्टि पत्र लिया जाएगा। उसके बाद ही पेमेंट करेंगे।

### गैर विकास संबंधित एजेंडे पर विवाद

पार्षद मोहनलाल शर्मा व पार्षद सुशीला सैनी ने कहा कि बैठक के साथ जो पत्र दिए है, उसमें गैर विकास संबंधित एजेंडा लिखा है। ऐसा पहली बार हुआ है। इस गैर विकास का मतलब क्या है? वहीं उसमें केवल 16 वार्डों से ही जुड़े विकास कार्य करवाने का जिक्र किया गया है। बाकी वार्डों को क्यूं छोड़ दिया गया। सभी 31 वार्डों में कार्य हो। इस पर ईओ दीपक गोयल ने जवाब दिया कि यह एजेंडा चेयरपर्सन मैडम की तरफ से आया है। इस पर चेयरपर्सन कमलेश सैनी ने कहा कि बैठक से पहले प्रत्येक वार्ड पार्षदों को लिखित में एजेंडा मांगा गया था कि वह अपने वार्डों से जुड़े करवाने वाले कार्यों की लिस्ट दें। जिन्होंने दे दी, यह वह है। फिर भी अगर ओर वार्ड जिनमें काम करवाना है, वह अब लिस्ट दें दे। वह कार्य भी करवाएं जाएंगे।

### चालान पर भी नहीं सहमति

पार्षद संदीप भांखर ने कहा कि ईओ साहब साफ सफाई में कितने चालान आपके अधिकारियों ने किए, यह पूछे? ईओ ने पूछा तो जेई प्रवीण ने जवाब दिया कि एक भी चालान नहीं किया। जबकि हम कहते है कि आप चालान करें। हम आपके साथ खड़े रहेंगे। फिर भी लापरवाही। एक पार्षद ओर क्या कर सकता है या तो पार्षद को ही चालान करने की परमिशन दें। वार्ड में रेहड़ी वाले सड़क पर ही कूड़ा डाल देते है। शहर इन लोगों ने गंदा करवा रखा है। डीएमसी मैडम ने भी इन्हें चालान करने को कहा था, फिर भी नहीं किए। चालान करना होगा। वरना शहर की पब्लिक सुधारेंगी। अभी इन डेढ़ साल में कोई बेहतर काम नहीं हुआ है। दो साल हो गए श्मशाम घाट की चारदीवारी का काम छोड़कर ठेकेदार चला गया। दोबारा शुरू नहीं हो पाया है। एक्सईएन ने कहा कि सदन में सैनेटेशन की बात कही गई। यहां सेनेट्ररी इंस्पेक्टर नहीं है। दो पोस्ट है। दोनों खाली है। इन जेई का काम चालान काटना नहीं है। चालान काटने का काम ईओ या सचिव का है। जेई के पास कोई पावर नहीं है। जेई रिपोर्ट कर सकता है। ईओ या सचिव चालान की कॉपी देंगे तो जेई अलगे को चालान पकड़ा आएगा। इस पर ईओ ने जवाब दिया कि अगर जेई को चार्ज दिया हुआ है तो वह चालान कर सकता है। साइन की पावर तो ईओ व सचिव के पास होगी है पर फिल्ड में जाकर चालान तो यहीं करेंगे। हम वह मना कर दें तो वह क्या बोले। यह सुनकर एक्सईएन ने कहा कि जेई पर बिल्कुल भी बलैम नहीं किया जा सकता। उसका काम इंजीनियर से जुड़ा है। यहां एसआई व सीएसआई नहीं है। उसे यहां ले आओ। बात काटते हुए पार्षद मोहनलाल शर्मा ने कहा कि हमें सफाई संबंधित काम के लिए जेई प्रवीण का नाम बताया जाता है। फिर हम बात भी उसी से करेंगे। वहीं पार्षद टिंकू सैनी ने कहा कि कड़िया वाले मंदिर के पास अतिक्रमण को हटाने के लिए एक साल पहले कहीं थी। नोटिस दे दिया, पर अभी तक अतिक्रमण नहीं हटा।

## इंसानियत के नाते तहसीलदार ने सड़क हादसे में की सहायता

**नारनौल।** इंसानियत अभी जिन्दा है। इसका उदारहण तहसीलदार मंजीत मलिक ने दिया।



मंजीत मलिक, तहसीलदार।

जानकारी के अनुसार तहसीलदार प्रशासनिक कार्य से नारनौल से नांगल सोडा नांगल चौधरी जा रहे थे। ढाणी बाठोठा सीमा में प्रवेश करने पर नेशनल हाईवे 148-बी पर एक महिला व उसका लड़का रोड पर घायल अवस्था में पड़े थे। जिस पर तहसीलदार ने तुरंत गाड़ी रूकवाकर अपने ड्राइवर सुरेंद्र राजपूत की सहायता से प्राइवेट गाड़ी रूकवाई और अस्पताल भिजवाया। इससे पूर्व एमुंलेंस को फोन करने पर उन्होंने तीस मिनट में आने के लिए कहा, लेकिन तहसीलदार ने समय की कीमत को देखते हुए घायलों को अस्पताल पहुंचाया। उन्होंने कहा कि हम सभी का कर्तव्य बनता है कि हमारे सामने कोई शख्स सड़क दुर्घटना में घायल होता है, तो उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाए, जिससे उसकी जान बचाई जा सकें और अप्रिय घटना से बचा जा सकें। उन्होंने कहा कि ना सिर्फ एक सरकारी सेवक होने के नाते बल्कि एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते यह जिम्मेदारी है कि संकट में पड़े शख्स की मदद की जाए।

## प्रदेशभर में खुलेंगे नए मॉडल संस्कृति स्कूल, मांगी फिजिबिलिटी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

प्रदेश के सभी जिलों में नए शिक्षा सत्र में मॉडल संस्कृति स्कूलों की संख्या बढ़ाई जाएंगी। इसके लिए विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों व जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी कर नए मॉडल संस्कृति स्कूलों के लिए फिजिबिलिटी रिपोर्ट मांगी है। जिसके तहत सभी जिलों को राजकीय प्राथमिक विद्यालयों व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों की रिपोर्ट तैयार कर मुख्यालय भेजनी होगी।

### 2023 में बने थे 67 स्कूल

प्रदेश सरकार की ओर से प्रत्येक खंड में एक मॉडल संस्कृति स्कूल बनाया गया था। इन मॉडल संस्कृति स्कूलों में सीबीएसई पैटर्न से पढ़ाई करवाई जाती हैं। अक्टूबर 2023 में प्रदेशभर में 67 नए मॉडल संस्कृति स्कूल बनाए गए थे। जिले में भी चार स्कूलों को मॉडल संस्कृति स्कूल का दर्जा मिला था।

इनमें चार महेंद्रगढ़ के जीएसएसएस सिहमा, जीएसएसएस धनौंदा, जीएसएसएस आकोदा, जीएसएसएस कृष्णनगर को मॉडल संस्कृति स्कूल शामिल था। इस कड़ी में प्रदेश के राजकीय प्राथमिक विद्यालयों व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों को मॉडल संस्कृति स्कूल में तब्दील करने की योजना तैयार की गई है। इसके लिए शिक्षा निदेशालय ने 11 बिंदू बताए है, जो स्कूल इन बिंदुओं के अनुसार निर्धारित मापदंड पूरा करेगा, उसी स्कूल को मॉडल संस्कृति स्कूल का दर्जा दिया जाएगा।




### बनाई जा रही है रिपोर्ट

जिला शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त ने बताया कि शिक्षा निदेशालय की ओर से नए मॉडल संस्कृति स्कूल के लिए फिजिबिलिटी रिपोर्ट मांगी हैं। रिपोर्ट तैयार करने के बाद मुख्यालय भेजी जाएंगी।

### स्कूलों को देनी होगी यह जानकारी

- ▶▶ विद्यालय का भूमि क्षेत्रफल (एकड़ में)।
- ▶▶ स्कूल में कहां तक की कक्षाएं चल रही हैं।
- ▶▶ कक्षा से एक से 12वीं या छठीं से बाहरवीं के लिए सीबीएसई के साथ प्रस्तावित संबद्धता।
- ▶▶ क्या स्कूल एक ही सन्निहित भूमि पर स्थित हैं।
- ▶▶ क्या स्कूल और खेल का मैदान दोनों एक ही परिसर में स्थित हैं।
- ▶▶ निकटतम सरकारी मॉडल संस्कृति स्कूल की दूरी (प्रस्तावित स्कूल से दूरी के साथ)।
- ▶▶ क्या स्कूल भवन संरचनात्मक रूप से स्कूल चलाने के लिए सुरक्षित है।
- ▶▶ स्कूल को मॉडल संस्कृति स्कूल में उन्नयन हेतु जिला शिक्षा अधिकारी की अनुशंसा।
- ▶▶ संबंधित ब्लॉक में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय व राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक स्कूल व पीएमश्नी के नाम।
- ▶▶ क्या स्कूल में सीबीएसई मानदंडों के अनुसार पर्याप्त संख्या में कमरे हैं।
- ▶▶ क्या स्कूल सीबीएसई संबद्धता के लिए निर्धारित मानदंडों को पूरा करता है।

### यह होती है विशेषता

राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय को अन्य सरकारी विद्यालयों से अलग विशेष सुविधाएं दी जाती हैं। इसके तहत विद्यालय को हिंदी व अंग्रेजी माध्यम की पढ़ाई करवाने के साथ सभी विषयों और कक्षाओं में स्टॉफ की कमी नहीं रहती। इसके अलावा प्रयोगशाला, बिजली पानी और अन्य सभी प्रकार की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाता है।

### 500 व एक हजार फीस

मॉडल संस्कृति स्कूलों में पहली से पांचवीं के लिए एकमुश्त दाखिला राशि 500 रुपये, छठी से बारहवीं के लिए एक हजार रुपये निर्धारित की गई है। इसके अलावा पहली से तीसरी के लिए 200 रुपये प्रतिमाह, चौथी से पांचवीं के लिए 250 रुपये, छठी से आठवीं के लिए 300 रुपये, नौवीं से दसवीं के लिए 400 रुपये तथा 11वीं से बारहवीं के लिए 500 रुपये प्रतिमाह फीस निर्धारित की गई है।

## मंदिर में चोरी करने के दो आरोपित गिरफ्तार, भेजा जेल

■ सीआईए ने प्रोडेक्शन वारंट पर लेकर किया गिरफ्तार, नकदी भी की बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

शिव कॉलोनी पावर हाउस के गेट पर बने त्रिमूर्ति मंदिर से चोरी करने में मामले में कारवाई करते हुए सीआईए ने दो आरोपितों को प्रोडक्शन वारंट पर लाकर गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान दीपक उर्फ टाली वासी बड़का कुआं व पूर्ण उर्फ जोनी उर्फ मुस्सा वासी मोहल्ला सलामपुरा के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपितों को न्यायालय से रिमांड पर लेकर चोरी की वारदात के मामले में पूछताछ की। पूछताछ में पुलिस ने आरोपितों को पास से नकदी बरामद की है। आरोपितों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि शिव कॉलोनी पावर हाउस के गेट पर बने त्रिमूर्ति मंदिर के पुजारी मुरारीलाल ने थाना शहर में चोरी की शिकायत दर्ज करवाई। जिसमें उसने बताया कि वह प्रतिदिन की भांति मंदिर से पूजा पाठ करके शाम के समय घर चला गया था और मंदिर में सभी सामान ठीक छोड़ कर गया था। अगले दिन सुबह 5:15 बजे जब वह मंदिर पहुंचा तो मंदिर के शीशे का गेट टूटा हुआ था और मंदिर मे अंदर जाकर देखा तो चांदी का त्रिशूल, म्यूजिक सिस्टम, लड्डु गोपाल, शिव परिवार अष्ट धातु, सरस्वती माता अष्टधातु, चांदी की बांसुरी व अन्य सामान नहीं मिला। शिकायतकर्ता ने अज्ञात के खिलाफ चोरी की शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया और पूछताछ में नकदी बरामद की है।

## जवान की राजकीय सम्मान के साथ हुई अंत्येष्टि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

सब डिवीजन के गांव पोता निवासी एसएसबी बटालियन 57 में कार्यरत सैनिक रविंद्र सिंह (40)का हृदयघात से निधन हो गया। उनकी पोस्टिंग उत्तराखंड राज्य के सितारगंज क्षेत्र में थी। उनका पार्थिव शरीर बुधवार सुबह करीब 10:30 बजे सेना की गाड़ी से गांव में पहुंचा तो शोक की लहर दौड़ गई। गमगीन माहौल में उनकी राजकीय सम्मान के साथ उनकी अंत्येष्टि की गई।



रविंद्र सिंह, फाइल फोटो।

प्रदेश सरकार एवं प्रशासन की ओर से उपायुक्त के निर्देश पर नायब तहसीलदार हरिओम, एसईपीओ कृष्णलाल, कनीना के सदर थाना अध्यक्ष इंस्पेक्टर रामनाथ व ग्राम सचिव अरविंद कुमार ने पुष्प चक्र अर्पित किए। वहीं शव के साथ आई सैनिक टुकड़ी ने मातमी धुन बजाकर सशस्त्र सलामी दी। उनकी यूनिट के उप निरीक्षक विकास कुमार, एचसी अनीश कुमार, कांस्टेबल राकेश कुमार, राजकुमार ने बताया कि सोमवार को रविंद्र सिंह को सीने में दर्द के चलते नजदीकी अस्पताल में दाखिल करवाया गया था।



कनीना। एसएसबी के जवान रविंद्र सिंह को सशस्त्र सलामी देते सेना के जवान।

जहां उनका हृदयाघात से निधन हो गया। एसएसबी का जवान रविंद्र सिंह अपने पीछे पत्नी पूनम देवी, 20 वर्षीय पुत्र परविंद्र व माता रमेश देवी सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए। उनकी अंत्येष्टि में ग्राम सरपंच हरिओम, ओमप्रकाश, डा. शमशेर सिंह, श्रीभगवान, अनूप कुमार, राजेश कुमार, सुभाष चंद्र, सुशील कुमार, सतबीर सिंह, मनीष शर्मा, विकास सहित ग्रामीण शामिल हुए।

## आज बुनियाद लेवल-1 वन परीक्षा, शेड्यूल किया जारी

# 10 परीक्षा केंद्रों पर 2465 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

बुनियाद की परीक्षा दो फरवरी को होगी। परीक्षा का समय दोपहर 11:30 बजे से 1:30 बजे तक रहेगा। परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड एडमिशन डॉट विकल्प डॉट ओआरजी डॉट इन लिंक से डाउनलोड किए जा सकते हैं। बुनियाद लेवल वन की परीक्षा के लिए जिले में दस परीक्षा केंद्र बनाए गए है, सभी ब्लॉकों में दो केंद्र बनाए गए है। जिले में कुल 2465 विद्यार्थियों ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया है।

इसमें महेंद्रगढ़ में 546, नारनौल में 491, अटेली में 408, नांगल चौधरी में 467, कनीना में 553 विद्यार्थी परीक्षा देंगे। अटेली में राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल अटेली, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अटेली, नांगल चौधरी में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नांगल चौधरी व राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नांगल चौधरी, नारनौल में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नारनौल व राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नारनौल, महेन्द्रगढ़ में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय



महेंद्रगढ़ व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय महेंद्रगढ़ तथा कनीना में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कनीना एवं राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कनीना को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

इस बारे में जिला शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त ने बताया कि सभी विद्यालय मुखिया अपने विद्यालय से रजिस्टर्ड विद्यार्थियों का एडमिट कार्ड डाउनलोड करें व उनका निर्धारित समय पर एडमिट कार्ड तथा आधार कार्ड की कॉपी के साथ परीक्षा केंद्र पर पहुंचना सुनिश्चित करें।

### परीक्षा के लिए दिशानिर्देश

सभी परीक्षार्थी विकल्प संस्थान की ओर से जारी किया गया एडमिट कार्ड साथ लेकर आएं। विद्यार्थी परीक्षा आरंभ होने से 60 मिनट पहले अर्थात 10:30 बजे अपना स्थान ग्रहण करेंगे। परीक्षा का समय प्रातः 11:30 बजे से 1:30 बजे तक रहेगा। कोई विद्यार्थी परीक्षा केन्द्र में देर से पहुंचता है तो उसे अतिरिक्त समय नहीं दिया जाएगा। परीक्षा के लिए उत्तर पुस्तिका, ओएमआर आधारित रहेगी। अतः परीक्षा से पूर्व विद्यार्थियों को ओएमआर शीट भरने के संदर्भ में आवश्यक दिशानिर्देश दे दिए जाएं। प्रश्न पत्र में कुल 50 प्रश्न होंगे तथा प्रत्येक प्रश्न चार अंक का होगा। प्रत्येक गलत उत्तर के लिए एक अंक की नेगेटिव मार्किंग की जाएगी। प्रश्न पत्र में कक्षा छठी, सातवीं व आठवीं के गणित विषय से प्रश्न पूछे जाएंगे।